






# कजलिया उत्सव के दिन पेसमेकर सर्जरी से बचाई गई तीन जिंदगी



नवभारत न्यूज

**रीवा, 10 अगस्त, कजलिया उत्सव के पवित्र अवसर पर, जब पूरा रीवा शहर उत्सव और उल्लास में डूबा हुआ था, सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल रीवा के कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. एस के त्रिपाठी ने अपनी असाधारण प्रतिबद्धता और कौशल के साथ तीन मरीजों की जिंदगी बचाकर एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया.**

इस दिन जहां लोग उत्सव मना रहे थे. डॉ. त्रिपाठी ने अपने कर्तव्य को प्राथमिकता देते हुए तीन जटिल पेसमेकर सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया. इन मरीजों को गंभीर हृदय संबंधी समस्याओं, जैसे कम्पलीट हार्ट ब्लॉक, सिक साइनस सिंड्रोम और अन्य अनियमित हृदय गति की शिकायतें थीं, जिनके लिए तत्काल चिकित्सीय हस्तक्षेप की आवश्यकता थी. डॉ. एस के त्रिपाठी ने अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग करके न्यूनतम इनवेसिव प्रक्रिया के माध्यम से इन सर्जरी को पूरा किया. यह प्रक्रिया न केवल जोखिम-मुक्त थी, बल्कि मरीजों को जल्दी ठीक होने में भी सहायता प्रदान की. डॉ. एस के त्रिपाठी ने कहा कजलिया उत्सव का दिन हमारे लिए उत्सव का दिन है, लेकिन मेरे लिए मरीजों की जिंदगी बचाना सबसे बड़ा उत्सव है. यह मेरा कर्तव्य है कि मैं हर परिस्थिति में अपने मरीजों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता दूं.

सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, रीवा के अधीक्षक डॉ अक्षय श्रीवास्तव एवं डीन डॉ सुनील अग्रवाल ने इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा डॉ. एस के त्रिपाठी का यह कार्य न केवल चिकित्सा क्षेत्र में एक मील का पत्थर है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि मानवता और कर्तव्यनिष्ठा किसी भी उत्सव से बढ़कर है. टीम में नर्सिंग स्टाफ किशोर ठाकरे, निधी नीरत, कैथ लैब तकनीशियन सुमन, सुधांशु, सोनाली शामिल रही.

# शहर से लेकर ग्रामीण अंचल में लोगों ने पारंपरिक तरीके से मनाया कजलियां पर्व

## एक दूसरे को कजलियां भेंट कर दी शुभकामना, नदी तालाब में किया विसर्जन, घर-घर कजलियां भेंट करने पहुंचे

नवभारत न्यूज

**रीवा, 10 अगस्त, रक्षा बंधन के बाद दूसरे दिन कजलियां धूमधाम से मनाया गया. बघेलखण्ड एवं बुंदेलखण्ड क्षेत्र का यह एक पारंपरिक त्योहार है जो रक्षा बंधन के अगले दिन मनाया जाता है. यह त्योहार प्रकृति प्रेम और खुशहाली का प्रतीक है. इस दिन लोग कजलियां का विसर्जन तालाब-नदी में करते है और कुछ हिस्सा बचाकर एक दूसरे को भेंट कर शुभकामनाएं देते है.**





दरअसल नाग पंचमी के बाद खेती से लाई मिट्टी में गेंहू या जौ के बीज बोते है और उन्हे पानी देकर देख भाल करते है. रक्षा बंधन के बाद इन पौधो का तालाब या नदी में विसर्जन कर दिया जाता है और कुछ भाग बचाकर एक दूसरे को कजलियां देकर अपनी एकजुटता की शुभकामनाएं देते है. यह त्योहार प्रकृति के प्रति प्रेम और सम्मान का प्रतीक माना जाता है. कजलियां लेकर महिलाएं और बच्चियां पारंपरिक गीत गाते हुए नदी तालाब में कजलियां का विसर्जन किया और फिर एक दूसरे से मिलकर बधाई दी. रीवा में वर्षा से कजलियां मिलन की परम्परा चली आ रही है. महाराजा धिराज जनता से कजलियां मिलते थे और यह परम्परा अभी भी चली आ रही है. शहर के बाबाघाट, राजघाट के साथ ग्रामीण अंचलो में भी कजलियां का विसर्जन किया गया. मंदिरो में पहुंचकर कजलियां भगवान को चढ़ाई गई.

नई फसल की उन्नति और आपसी प्रेम सौहार्द का प्रतीक लोकपर्व कजलियां है जो हर्षोल्लास के साथ शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रो में धूमधाम के साथ मनाया गया. छोटे लोग बड़ो को कजलियां देकर आर्शीवाद लिया. जबकि बड़ो ने छोटो के कान में कजलियां लगाकर अपना स्नेह जताया. कजलियां का विसर्जन करने के बाद लोगो ने मंदिर में पहुंचकर कजलियां भगवान को अर्पित की. कोठी कम्पाउण्ड स्थित मनकामेश्वर मंदिर और ईको पार्क स्थित भगवान भोलेनाथ को कजलियां अर्पित की गई.

इसके अलावा मुकाती मंदिर एवं फोर्ट रोड़ स्थित श्रीकृष्ण मंदिर में भी कजलियां चढ़ाई गई. गोविन्दगढ़ स्थित खखरी कोठी में कजलियां मिलन समारोह सम्पन्न हुआ. महाराजा पुष्पराज सिंह यहा पहुंचे और लोगो से कजलियां ली. साथ ही कजलियां गीत भी स्थानीय कलाकारो ने प्रस्तुत किये.

# न्याय सत्याग्रह में भीड़ जुटाने में लगे कांग्रेसी

नवभारत न्यूज

**रीवा, 10 अगस्त, जिला कांग्रेस कमेटी शहर एवं ग्रामीण के संयुक्त तत्तावधान में आगामी 12 अगस्त को आयोजित होने जा रहे न्याय सत्याग्रह सफल बनाने कांग्रेसी जुटे हुए है.**

अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा व शहर अध्यक्ष लखनलाल खण्डेलवाल का रीवा गुढ़, मनगवां आदि विधानसभाओं में दौरा चल रहा है. रीवा शहर के ढेकहा, चिरहुला और बोदाबाग ब्लॉकों में तथा गुढ़ विधानसभा के रायपुर कर्चुलियान ब्लॉक एवं मनगवां के गंगेव, गढ़ व लालगांव सहित विभिन्न स्थानों में तैयारी बैठकों का आयोजन किया गया. तैयारी बैठक को संबोधित करते हुए इंजी. राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है. किसानों को न खाद मिल रही है और ना ही बिजली, कानून व्यवस्था नाम की चीज नहीं बची है इन सब समस्याओं को लेकर पद्मधर पार्क रीवा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सिद्धांतों का अनुशरण करते हुए न्याय सत्याग्रह का आयोजन कर भाजपा की सरकार को कड़ा सबक सिखाने का काम हमारे प्रत्येक कांग्रेस जन का है. उन्होंने कहा कि इस आंदोलन का नेतृत्व म.प्र. कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल, सी डब्ल्यू सी सदस्य कमलेश पटेल सहित प्रदेश व संभाग के अन्य वरिष्ठ नेतागण कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे. श्री शर्मा ने सभी से कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की है.

# नशामुक्त जनजागृति अभियान 15 से

नवभारत न्यूज

**रीवा, 10 अगस्त, आगामी 15 अगस्त से 30 अगस्त तक नशामुक्त जनजागृति अभियान संचालित होगा. समाज में युवाओं एवं बच्चों में तंबाकू से बने उत्पाद के सेवन से होने वाली गंभीर बीमारियों से बचाने के लिए जनजागृति के उद्देश्य से अभियान संचालित होगा.**

आयोजन में स्वास्थ्य, शिक्षा, पुलिस, उच्च शिक्षा, महिला बाल विकास विभाग एवं जन अभियान परिषद, प्रजापति ब्राम्हकुमारी, गायत्री परिवार तथा स्वैच्छिक संस्थाएं तथा धार्मिक संस्थाओं की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी. संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे संबंधितों से नशामुक्ति से संबंधित कार्यक्रमों का आयोजन कर अभियान में शामिल होने की अपेक्षा की है.

## संक्षिप्त

### बहनों ने विधायक सिद्धार्थ को बांधी राखी



**रीवा.** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर विश्राम गृह त्योंथर में सैंकड़ों बहनों ने विधायक सिद्धार्थ तिवारी राज की कलाई पर राखी बांधी और उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया. इस अवसर पर विधायक ने कहा कि बहन बेटियां समाज की अमूल्य धरोहर हैं. उनका सम्मान, सुरक्षा व शिक्षा सुनिश्चित करना हर परिवार और समाज का कर्तव्य है. विधायक ने कहा कि आज आनंद का दिन है, बहनों ने स्नेह के साथ मेरी कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा है, बहनों का स्नेह आशीर्वाद जीवन मुझे सम्बल प्रदान करेगा, बहनों का अशीर्वाद कभी खाली नहीं जाता है, बहनों के आशीर्वाद से हम त्योंथर में विकास की नई गाथा लिख रहे है. इस अवसर पर सिद्धार्थ तिवारी ने कहा कि ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में निरंतर नारी सशक्तिकरण के कार्य किये जा रहे है. लाड़ली बहना योजना में आर्थिक सहायता राशि 1250 रुपए के अतिरिक्त रक्षाबंधन के पावन अवसर पर 250 रुपए राखी का अतिरिक्त उपहार भी आप लाडली बहनों के लाड़ले भाई मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने प्रदान किया गया है, भाईदूज से 1500 रुपए प्रतिमाह तथा धीरे-धीरे से 3000 हजार रुपए तक प्रतिमाह किया जाएगा. इस अवसर उन्होंने क्षेत्रवासियों को कजलियां की बधाई व शुभकामनाएं भी दी.

### यातायात प्रभारी ने सम्भाली कमान

**मऊगंज.** मऊगंज जिले में नए यातायात प्रभारी सनत कुमार द्विवेदी ने प्रभार संभालते ही नगर में फैल रहे अनावश्यक शोर-शराबे पर सख्ती दिखाई है. नगर के सब्जी मंडी क्षेत्र में लंबे समय से सब्जी एवं फल व्यापारी माइक लगाकर अपनी दुकानदारी का प्रचार करते थे, जिससे आसपास के निवासियों और राहगीरों को लगातार तेज आवाज और कोलाहल का सामना करना पड़ता था. स्थानीय नागरिकों ने इस समस्या को लेकर नए यातायात प्रभारी से शिकायत की. शिकायत पर त्वरित संज्ञान लेते हुए सनत कुमार द्विवेदी ने सब्जी एवं फल व्यापारियों को स्पष्ट नसीहत दी कि तुरंत माइक का उपयोग बंद करें और शांति बनाए रखें. उनके निर्देश के बाद मंडी क्षेत्र में शोरगुल बंद हो गया, जिससे आस-पास के लोगों और दुकानदारों ने राहत महसूस की. नागरिकों का कहना है कि यह कदम न केवल शोर प्रदूषण को रोकने में मदद करेगा बल्कि मंडी क्षेत्र में व्यवस्था और सौहार्द भी बनाए रखेगा.

### नो एंट्री में घुसे ट्रक पर 5000 का चालान

**मऊगंज.** नए यातायात प्रभारी सनत कुमार द्विवेदी ने पदभार संभालते ही यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए सख्ती दिखानी शुरू कर दी है. शुक्रवार को मऊगंज नगर के चाक मोड़, बरहटा मोड़ एवं कॉलेज चौराहा के पास यातायात पुलिस ने विशेष चेकिंग अभियान चलाया. इस दौरान नो एंट्री समय में घुस आए ट्रकों को पकड़कर उस पर 5000--5000 का चालान किया गया. यातायात प्रभारी ने स्पष्ट कहा कि नगर में नो एंट्री नियम का उल्लंघन करने वालों पर अब किसी तरह की रियायत नहीं दी जाएगी. चेकिंग अभियान में चालक एवं वाहन मालिकों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने, निर्धारित समय में ही भारी वाहनों को नगर में प्रवेश देने तथा वाहन चलाते समय सुरक्षा नियमों का ध्यान रखने की चेतावनी दी गई. यातायात प्रभारी द्विवेदी ने बताया कि आगे भी ऐसे अभियान नियमित रूप से जारी रहेंगे और नियम तोड़ने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी.

### खनि रियायत स्वीकृति संबंधी बैठक 13 को

**रीवा.** कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद की अध्यक्षता में वन सीमा से 25 मीटर की परिधि में आने वाली भूमियों के खनि रियायत में स्वीकृति के संबंध में बैठक का आयोजन 13 अगस्त को शाम 4 बजे किया गया है. बैठक में सीधी एवं मैहर जिले से प्राप्त प्रस्तावों में खनिज पट्टा स्वीकृति के संबंध में विचार विमर्श किया जायेगा.



क्रांति मंच के स्थापना दिवस पर सम्बोधित करते संयोजक कुंजबिहारी तिवारी

# संभाग के जिलों में निकाली जायेगी तिरंगा साइकिल रैली

नवभारत न्यूज

**रीवा, 10 अगस्त, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से हर घर तिरंगा अभियान तथा हर घर स्वच्छता अभियान की समीक्षा की.**



मुख्यमंत्री ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान तथा हर घर स्वच्छता अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन करें. आगामी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस तक जोर शोर से हर घर तिरंगा अभियान चलायें. इसके साथ-साथ जन्माष्टमी पर्व की भी तैयारी कर लें. जिले में स्वतंत्रता संग्राम के अमर सेनानियों और शहीदों की गाथाओं को संकलित कराकर उनका समुचित दस्तावेजीकरण करायें. वीडियो कान्फ्रेंसिंग में कमिश्नर बीएस जामोद ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं. शिक्षण संस्थाओं में पोस्टर प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, तिरंगा रैली, भाषण प्रतियोगिता जैसे आयोजन लगातार किये जा रहे हैं. संभाग के सभी जिलों में 12 अगस्त को तिरंगा साइकिल रैली निकाली जायेगी. इसी तरह 13 अगस्त को तिरंगा यात्रा और स्वच्छता के लिए मैराथन का आयोजन किया जा रहा है. वीडियो कान्फ्रेंसिंग में हर घर तिरंगा अभियान में शामिल विभिन्न विभागों की गतिविधियों की विभागवार जानकारी दी गयी. वीडियो कान्फ्रेसिंग में कमिश्नर कार्यालय के एनआईसी कार्यालय से कमिश्नर तथा अन्य अधिकारी शामिल रहे.

# अगस्त क्रांति मंच के स्थापना दिवस पर अत्याचार अन्याय से लड़ने का संकल्प

नवभारत न्यूज

**रीवा, 10 अगस्त, नईगढ़ी अष्टभुजा धाम मंदिर के पास सामुदायिक भवन में हजारों लोगों की उपस्थिति में अगस्त क्रांति मंच ने अपना चौथा स्थापना दिवस मनाया. कार्यक्रम का शुभारंभ एक दिन पूर्व श्री रामचरित मानस पाठ से हुआ.**

जबकि मुख्य दिवस पर संयोजक कुंज बिहारी तिवारी एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष ममता कुंज बिहारी तिवारी ने विधिवत पूजन-अर्चन कर भव्य भंडारे का आयोजन किया. अपने संबोधन में कुंज बिहारी तिवारी ने कहा हमारे पूर्वज जब गोरों की गोलियों से नहीं डरे, तो हम भी भ्रष्टाचारियों और माफिया के फर्जी मुकदमों से नहीं डरेंगे. मौलिक अधिकारों और मानवाधिकारों के हनन के खिलाफ सामूहिक गिरफ्तारी देने को तैयार हैं.

उन्होंने नईगढ़ी थाना प्रभारी पर रोज़ फर्जी मुकदमे दर्ज करने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह जनता की आवाज़ दबाने की साज़िश है.

वक्ताओं ने भगत सिंह और चंद्रशेखर आजाद के बलिदानों को याद कर अगस्त क्रांति मंच कोई दल नहीं, बल्कि एक सोच है का संदेश दिया. कार्यक्रम का संचालन जे.पी. तिवारी ने किया. प्रियेश पाण्डेय, राममिलन प्रजापति, डी.के. तिवारी, दीपक तिवारी और गांधीवादी विचारक विश्वामित्र ने सम्बोधित किया. गौ सेवा, संविधान की रक्षा और जनता के जागरूक होने की अपील की गई.

इस दौरान कान्हा उरमलिया जनपद सदस्य, संतोष पटेल जनपद सदस्य, राजेश प्रजापति जनपद सदस्यों, श्रीमती शिवकली पटेल जनपद सदस्य, आशा पटेल जनपद सदस्य, गोविंद साकेत जनपद सदस्य, जुलफीलाल जनपद उपाध्यक्ष, मकरध्वज सिंह सेंगर जनपद पंचायत सदस्य, महेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे.

# नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए आवेदन अब 13 तक

नवभारत न्यूज

**रीवा, 10 अगस्त, पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय सिरमौर में शिक्षा सत्र 2026-27 में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि में वृद्धि की गयी है. विद्यार्थी अब 13 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं.**

पूर्व में आवेदन करने की अंतिम तिथि 29 जुलाई निर्धारित की गई थी जिसे बढ़ाकर अब 13 अगस्त कर दिया गया है. इच्छुक विद्यार्थी किसी भी ऑनलाइन सेंटर अथवा मोबाइल के माध्यम से प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन कर सकता है.

इस संबंध में विद्यालय के प्राचार्य मनीष तिवारी ने बताया कि विद्यार्थी को रीवा अथवा मऊगंज जिले के शासकीय विद्यालय अथवा मान्यता प्राप्त अशासकीय विद्यालय में कक्षा 5 में अध्ययरत एवं रीवा अथवा मऊगंज जिले का निवासी होना चाहिए.



# अमहिया थाने में राखी का त्योहार मनाकर बच्चों ने दिया भाईचारे का संदेश

नवभारत न्यूज

**रीवा, 10 अगस्त, शहर के अमहिया थाने में भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक रक्षा बंधन का त्योहार मनाया गया. यहा हिंदू-मुस्लिम सभी बच्चो ने हर्षोल्लास के साथ राखी का त्योहार मनाकर भाईचारे का संदेश दिया. थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल के मार्गदर्शन में रक्षा बंधन मनाया गया. थाने का स्टाप भी बच्चो का उत्साह वर्धन किया.**

रीवा के अमहिया थाना में पिछले कई महीनों से बच्चो की पाठशाला चल रही है. जिसमे आसपास के मोहल्ले और बस्तियों के बच्चे पढ़ने आते हैं. जिन्हे पुलिस व अन्नशेष फाउंडेशन द्वारा किताबी के शिक्षा के साथ नैतिक शिक्षा का भी पाठ पढ़ाया जाता है साथ ही उनका मनोबल बढ़ाया जाता है. पुलिस थाने में ही सद्भावना पूर्वक सभी बच्चो ने उनके परिजनों के साथ मिलकर पुलिस के साथ राखी का त्योहार मनाया. अमहिया पुलिस द्वारा बच्चो को उपहार स्वरूप किताबें, कापियाँ, पेन, पेंसिल वितरित किए गए. साथ ही उपस्थित परिजनों द्वारा खुद नशे से दूर रहने व बच्चो को भी नशे से दूर रहने की प्रेरणा दिलाई गई. बच्चो और परिजनों का उत्साह देखने लायक था, पुलिस का इस प्रकार का नवाचार निश्चित रूप से समाज को एक नई दिशा देने में कारगर होगा.

# एमपी टास पोर्टल में पंजीयन 20 तक होगा

रीवा, 10 अगस्त, शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिये नवीन आवेदनों हेतु एमपीटास पोर्टल पर आवेदन करने की प्रक्रिया पुन: प्रारंभ हो गयी है. आवेदनों हेतु पोर्टल पर नवीन आवेदन 5 अगस्त से 20 अगस्त तक भरे जा सकते हैं. सहायक संचालक पिछड़ावर्ग एवं अल्पसंख्यक ने समस्त शैक्षणिक संस्था प्रमुखों से अपेक्षा की है कि वर्ष 2024-25 नवीन के लंबित छात्रों से आवेदन भरने हेतु सूचित करें, ताकि निर्धारित समयावधि में पोर्टल में आवेदन किये जा सकें. समय के बाद आवेदन स्वीकार नही होगे.

# रीवा से कही ज्यादा मऊगंज जिले में हुई वर्षा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 10 अगस्त, जिले में एक जून से अब तक 654.3 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है. जिले में 10 अगस्त को 12.8 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई. इस दिन सर्वाधिक 62 मिली मीटर वर्षा हुजूर तहसील में दर्ज की गई.**

एक जून से अब तक तहसील हुजूर में 883.9 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 650.1 मिली मीटर, गुढ़ में 947 मिली मीटर, सिरमौर में 573.6 मिली मीटर, त्योंथर में 557 मिलीमीटर, सेमरिया में 603 मिली मीटर, मनगवां में 617 मिली मीटर तथा जवा में 403 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज गयी. गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 329 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गयी थी.

**मऊगंज में अब तक 1214.7 मिली मीटर वर्षा -** मऊगंज जिले में एक जून से अब तक 1214.7 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है. एक जून से अब तक तहसील मऊगंज में 1073.8 मिली मीटर, हनुमना में 1338.4 मिली मीटर तथा नईगढ़ी में 1231.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है. जिले में गत वर्ष इसी अवधि में 460.2 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी.

जिले में पिछले 24 घण्टों के दौरान 62.8 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई. पिछले 24 घण्टों के दौरान तहसील मऊगंज में 12.2 मिली मीटर, हनुमना में 60.2 मिली मीटर तथा नईगढ़ी में 33 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई. जिले में गत वर्ष इसी अवधि में 460.2 मिली मीटर वर्षा हुई थी.

# मौसी के घर गया किशोर नहाते समय बह गया

नवभारत न्यूज

**रीवा, 10 अगस्त, मऊगंज जिले के नईगढ़ी थाना क्षेत्र में रविवार की दोपहर पनिगवा मार्ग में बने रपटा पुल पर नहाते समय 14 साल का किशोर तेज बहाव में बह गया.**

सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और एसडीआरएफ को सूचना दी गई. किशोर रक्षा बंधन पर अपनी मौसी के घर दुबहा आया था. शाम तक किशोर का शव नही मिला, तलाश जारी रही. जानकारी के मुताबिक आकाश साकेत पिता वीरेन्द्र साकेत सेमरिया कुंजबिहारी थाना लौर का रहने वाला है. रक्षा बंधन पर अपने मौसी के घर दुबहा आया था. दोपहर को वह अन्य बच्चो के साथ रपटा पुल के पास नहाने गया. नहाते समय अचानक वह गहरे पानी में चला गया और तेज बहाव में बह गया. स्थानीय लोगो ने तत्काल बचाने का प्रयास किया तब तक आकाश बह चुका था. नईगढ़ी पुलिस सूचना मिलने पर पहुंची और ग्रामीणो के सहयोग से तलाश शुरू की, लेकिन कोई सुराग नही मिला. आपदा प्रबंधन टीम को भी बुलाया गया है जो तलाश कररही है. परिजनो का रो-रो कर बुरा हाल है, चार बच्चो में आकाश तीसरे नम्बर का था. शाम को कलेक्टर को किशोर के डूबने की सूचना मिली तो उन्होने शव के तलाश का आश्वासन दिया. 6 घंटे तक किशोर के शव को लेकर ग्रामीण स्थानीय प्रशासन से मदद की गुहार लगाते रहे. हालाकि पुलिस और परिजन खोज करते रहे पर किशोर का कोई पता नही चला.